nikhil pandey

शिवमूर्ति हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग

इस पञ्चाङ्ग में प्रतिदिन के तिथि नक्षत्र योग का मान और द्वादश लग्नों का समाप्ति काल घं. मि. में तथा विवाह-उपनयन-चौल-वधूप्रवेश-द्विरागमन-गृहप्रवेश-जलाशयारामकूपदेवालयारम्भ एवं प्रतिष्ठादि के शुद्धातिशुद्ध मुहूर्त लिखे जाते हैं। अतः इस पञ्चाङ्ग को पास रखने से मनुष्य ज्योतिषी हो जाता है।

विवाह में प्रयुक्त पञ्चशलाका चक्र



विवाह सम्बन्धित कार्यों में पञ्चशलाका एवं अन्य कार्यों में सप्तशलाका चक्र द्वारा वेध देखना चाहिए।

बाण पञ्चक

सूर्य के गतांशों द्वारा बाण निर्णय
८।१७।२६ गतांश से रोगबाण
२।११।२०।२९ गतांश से सशल्य अग्निबाण
४।१३।२२ गतांश से नृपबाण
६।१५।२४ गतांश से चौरबाण तथा
१।१०।१९।२८ गतांश से मृत्युबाण होता है।
इन पञ्चबाणों को क्रमशः व्रतबन्ध, गृहच्छादन, राजसेवा, यात्रा एवं विवाह में त्याग देना चाहिए।

रामायण द्वारा शकुनावलोकन

नवराशिषु व्रीहीनां ध्यात्वा
कार्यन्तु विन्यसेत्।। चतुः
पूंगीफलानीह पूर्वेणकाण्डमुच्यते।
द्वितीयेन हि सर्गस्तु तृतीयेन फलेन हि।।
दशकोऽस्यविजानीयाच्चतुर्थेन
फलेन च।। श्लोकोज्ञेयः पूर्वराशेः
सर्वेषां गणनेरिता।। सर्वत्रान्त्येन
श्लोकेन विपरीतं फलं स्मृतम्।।
शुभ कथाप्रसङ्ग से शुभफल एवं अशुभ कथाप्रसङ्ग से अशुभफल जानना चाहिए।

श्रीकाशीविश्वनाथ पञ्चाङ्ग
शिवमूर्ति हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग

।।श्रीमङ्गलमूर्तये गणाधिपतयेनमः।।



प्रधान सम्पादक पं. शिवमूर्ति उपाध्याय

सप्तशती द्वारा शकुन ज्ञान

सम्पूज्य विधिवद्देवीं कुमारीरूपधारिणीम्। कृत्वाष्टदलमुर्वीस्थं तत्र तत्पुस्तकं न्यसेत्।।१।। पूजितायाः करे दद्यात् कन्यकायास्तु मुद्रिकाम्।। शलाकां हेममय्याञ्च गजदन्तस्य वा शुभाम्।।२।। द्वादशांगुलमात्रन्तु विन्यसेतपुस्तकान्तरे। सम्पश्ये त्प्रथमां पंक्तिं यत्स्वरूपं कथानकम्।।३।। आदिशेत्तत्स्वरूपं हि फलं शास्त्रविशारदः।।४।।

ग्रहों की अरिष्ट हरण क्षमता

राहु का दोष बुध, इन दोनों का शनि, इन तीनों का मंगल, इन चारों का शुक्र, इन पांचों का गुरु, इन छवों का चन्द्रमा तथा सबके दोषों का सूर्य नाश कर देता है। सूर्य यदि उत्तरायण में हो तो विशेष दोषनाशक होता है। **स्थान विशेष में ग्रहों की विफलता**-सूर्य के साथ चन्द्रमा, लग्न से चौथे भाव में बुध, पाँचवें भाव में बृहस्पति, दूसरे में मंगल, छठें में शुक्र और सातवें में शनि हो तो विफल होते हैं।

विवाहेतर कार्यों हेतु सप्तशलाका चक्र

समस्त कार्यों में सप्तशलाका चक्र द्वारा परन्तु विवाह में पञ्चशलाका चक्र द्वारा नक्षत्र वेध देखना चाहिए।

इस वर्ष राजा सूर्य ।। मन्त्री सूर्य ।। सस्येश बुध ।। दुर्गेश सूर्य ।। धनेश बुध।। रसेश शुक्र ।। धान्येश मंगल ।। नीरसेश बुध ।। फलेश शनि ।। मेघेश सूर्य ।। रोहिणी निवास समुद्र में ।। वर्षविश्वा १२ समताकारक।। गतकलि ५१२६।।

स्वस्ति श्रीमन्महाराजाधिराजद्विजराज काशिराज श्री १०८ महाराज डॉ० श्रीविभूतिनारायणसिंहशर्मदेव 'एम.ए.' वीरपुङ्गव पदवी प्राप्त के आज्ञानुसार।।

उत्पात फल ज्ञान के लिए चतुर्विध मण्डल

अग्नि मण्डल	वरुण मण्डल	वायु मण्डल	चन्द्र मण्डल
कृत्तिका	मूल	पुनर्वसु	अभिजित
भरणी	ऽश्लेषा	उत्तराफाल्गुनी	उत्तराषाढ़ा
पुष्य	शतभिष	अश्विनी	अनुराधा
मघा	आर्द्रा	हस्त	श्रवण
पूर्वाभाद्र	रेवती	चित्रा	धनिष्ठा
विशाखा	उत्तराभाद्रपद	स्वाती	ज्येष्ठा
पूर्वाफाल्गुनी	पूर्वाषाढ़ा	मृगशिरा	रोहिणी
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

उपरोक्त जिस मण्डल के नक्षत्रों में भूकम्प, उत्पात आदि होते हैं, उस मण्डल जनित प्रभावों के द्वारा द्रव्य, जन्तु एवं देशों को पीड़ा देते हैं। इसमें भी वायु एवं अग्निमण्डल विशेष अनिष्टकारक होते हैं।

इस पञ्चाङ्ग में - देशान्तर १।९, अक्षांश २५।१८, पलभा ५।४५, तिथि, नक्षत्र, योग आदि मकरन्दीय, दैनिक स्पष्टग्रह ग्रहलाघवीय तथा अयनांश केतकरीय है।

विंध्य से उत्तरवासियों के लिए विंशोत्तरीमत से आय-व्यय चक्र।।

मे	वृ	मि	क	सिं	कं	तु	वृ	ध	म	कु	मी	राशि	योग
१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११	आय	आययोग १२३
११	५	२	१४	११	२	५	११	२	५	५	२	व्यय	व्यययोग ७५

।। जन्मलग्न से जगल्लग्न फल ।।

१	देहसुख	७	स्त्रीसुख
२	धनलाभ	८	रोगभय
३	कुटुम्बवृद्धि	९	धर्मलाभ
४	मित्रप्राप्ति	१०	सुतार्थाप्ति
५	पुत्रप्राप्ति	११	लाभसुख
६	शत्रुजय	१२	व्यय, दुःख

जगल्लग्न ११।२५।३४।४

हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग

दोनों आय-व्यय चक्रों द्वारा विशेष विचार

आय-व्यय का योगकर एक घटा दें और आठ से भाग दें, एकादि शेष रहने पर निम्न फल होता है - १ लाभ, २ सुख, ३ क्लेश, ४ रोग, ५ लोकोपवाद, ६ सम्मान, ७ विजय, ८ हानि अथवा दोनों चक्रों के आयों का योग लाभ तथा व्ययों का योग व्यय होता है। लाभ योग अधिक होने पर शुभ होता है।

वैशाखकृष्ण ति. २ मंगल को (१५-४-२०२५) ३१/१८ (सा. ६/१३) इष्ट पर "सिद्धार्थ" संवत्सर का प्रवेश ॥

श्रीकाशिराजराजेन्द्र का अभिनव 'माटो' नामक चिह्न।।

श्री १०८ विश्वनाथकृपयाऽत्र तदीयमूर्त्ति श्री काशीराजकरकल्पतरुप्रपन्नम्।
सिद्ध्यै सदाखिलसनातनधर्मकालज्ञप्तेः सतां विजयतां तिथिपत्रमेतत्।।

श्री संवत् २०८२ शक १९४७ कालयुक्त नामाब्द

ईसवीय सन् २०२५-२०२६। फसली १४३२-३३। बङ्गसंवत् १४३१-३२। हिजरी १४४६-४७

अन्नपूर्णाविश्वनाथौ जननीजनकाविव। सर्वस्वं मम् तावेव विश्वस्मिन्मङ्गलप्रदौ।
नेत्रेभनख-विक्रमाब्दतिथिपत्र प्रात्यहिकग्रहस्पष्टलग्नोदयसहितम्।।

श्रीकाशीस्थ प्रधान राजकीय संस्कृत पाठशाला के प्रधानाध्यापक

श्रीपण्डित हृषीकेश उपाध्याय - ज्योतिषाचार्य द्वारा प्रवर्तित

आचार्य पण्डित श्रीनागेश उपाध्याय 'ज्योतिषी', विद्यार्णवेन्दु 'एम.ए.' द्वारा प्रवर्द्धित।

परमावश्यक सूचना : पञ्चाङ्गापेक्षित निर्णय के लिये उ.प्र., बिहार, दिल्ली, मुम्बई, बंगाल, आसाम सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष में **पं० शिवमूर्ति उपाध्याय** द्वारा सम्पादित **हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग** ही प्रधान माना जाता है। ग्रहण, उदयास्त, व्रत, विवाहादि मङ्गल कार्यों का निर्णय इसके द्वारा ही सर्वत्र किया जाता है। सम्प्रति प्रचलित सभी पञ्चाङ्ग **'हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग'** का ही अनुसरण व नकल करने लगे हैं।

विक्रम पञ्चाङ्ग प्रकाशन - बी. २/९५, सी. भदैनी, वाराणसी

विंध्य से दक्षिणवासियों के लिए अष्टोत्तरी मत से आय-व्यय चक्र।।

मे	वृ	मि	क	सिं	कं	तु	वृ	ध	म	कु	मी	राशि	योग
२	११	१४	८	११	१४	११	२	५	८	८	५	आय	आययोग ९९
१४	५	२	८	११	२	५	१४	५	१४	१४	५	व्यय	व्यययोग ९३

आर्द्राप्रवेशाङ्ग ६।६।३७।४



आर्द्रा आदि नक्षत्रों में वर्षा प्रमाण

आर्द्रा	पुनर्वसु	पुष्य	श्लेषा	मघा
३	२	२	२	२
पू.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वाती
१।।	१।।	१	१।।	१

आषाढ़ ३ श्रावण ४ भाद्रपद ४ आश्विन ३ कार्तिक में १, मार्गशीर्ष एवं पौष में भी साधारण।

हस्ताक्षर - [signature]

सूर्य के नक्षत्र प्रवेशकाल द्वारा वृष्टि विचार

सूर्य के नक्षत्र प्रवेशकाल में सूर्य एवं चन्द्रमा दोनों यदि सूर्य के नक्षत्र में हो तो वायुचलन, चन्द्रनक्षत्र में हो तो अनावृष्टि एवं एक सूर्य तथा दूसरा चन्द्र के नक्षत्र में स्थित हो तो सुवृष्टि होती है। अन्य प्रकार - जिस समय बुध, शुक्र, मंगल एवं गुरु एक नाड़ी के नक्षत्रों में स्थित होते हैं, उस समय अवश्य ही वृष्टि होती है।

वर्षाज्ञानार्थ सप्तनाड़ी चक्र

शनि	रवि	भौम	गुरु	शुक्र	बुध	चन्द्र	स्वामी
कृ.	रो.	मृ.	आ.	पुन.	पु.	श्ले.	नक्षत्र
वि.	स्वा.	चि.	ह.	उ.	पू.	म.	नक्षत्र
अनु.	ज्ये.	मू.	पू.	उ.	अभि.	श्र.	नक्षत्र
भ.	अ.	रे.	उ.	पू.	श.	ध.	नक्षत्र
चंडा	वात	वह्नि	सौम्या	नीरा	जला	अमृत	संज्ञा

श्री संवत् २०८२ वर्ष की समयशुद्धि

गुरु - ज्येष्ठशुक्ल १५ बुध (११-६-२०२५) गुरु का अस्त पश्चिम में। आषाढ़शुक्ल १२ सोम (७-७-२०२५) गुरु का उदय पूर्व में।

शुक्र - पौषकृष्ण ७ गुरु (११-१२-२०२५) शुक्र का अस्त पूर्व में। माघशुक्ल १५ रवि (१-२-२०२६) शुक्र का उदय पश्चिम में।

शनि - [illegible]

राहु - [illegible]

विवाह - वैशाख, ज्येष्ठ, मार्गशीर्ष, पौष, फाल्गुन [illegible]

शिवमूर्ति हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग

मूल्य ६५.०० (पैसठ रूपये मात्र)

प्रकाशक- विक्रम पञ्चाङ्ग प्रकाशन, भदैनी, वाराणसी।

मुख्यपृष्ठ पर 3D होलोग्राम देखकर पञ्चाङ्ग खरीदें

श्रीगणेशाय नमः। श्रीविश्वनाथः शरणम्। श्रीभगवते रामचन्द्राय नमः।

स जयति सिन्धुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम्। वासरमणिरिव तमसां राशिन्नाशयति विघ्नानाम्॥१॥ विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम्। संवत्सरफलं वक्ष्ये जगतां हितकाम्यया॥२॥ अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः॥३॥ तिथि, वार, नक्षत्र, योग एवं करण ये पञ्चाङ्ग के पांच अंग होते हैं, इनके फल श्रवण मात्र से मनुष्य गङ्गास्नान का फल प्राप्त करता है। नूतन संवत्सर के आगमन काल में प्रतिगृहों में ध्वजारोपण कर ब्राह्मणों के साथ पूजनादि मंगलकार्यों का आयोजन करनाचाहिए तथा देवता, गुरु, स्त्री एवं बालकों को वस्त्रालंकार आदि से पूजन कर, पूजित दैवज्ञ द्वारा पञ्चाङ्गफल श्रवण करना चाहिए। तिथिफल श्रवण से राज्य अचल, मन्त्रीफल श्रवण से कौशल, धान्येश से स्थिर लक्ष्मी, मेघेश से सरसवाणी, रसेश से धर्मवृद्धि तथा दीर्घायु एवं सस्येश के फल श्रवण से विमल बुद्धि एवं शुभफल की प्राप्ति होती है। वर्ष के प्रथम दिन निम्ब के कोमल पत्रों को पुष्प के साथ चूर्ण बनावें तथा उस चूर्ण में मरीचि, नमक, हिंग, जीरा, एवं अजवाइन मिश्रित कर रोगशान्त्यर्थ भक्षण करें। पुराण पुरुष ब्रह्मा जी को ब्रह्मायान से परमायु १०० वर्ष की है। ब्रह्माजी देवताओं का दिनमान- १००० महायुग का एक ब्रह्मादिन, तथा ब्रह्मादिनमान से १०० वर्ष की ब्रह्मा की पूर्णायु होती है। १००० ब्रह्मादिन की १ विष्णुघटी तथा १२०००० विष्णुदिन का रुद्र की आधी कला तथा १०००००००० रुद्र दिन का १ ब्रह्मक्षर होता है।

प्रसङ्गानुसार चतुर्युग व्यवस्था- कार्तिक शुक्ल नवमी, प्रथम प्रहर, श्रवण नक्षत्र एवं वृद्धि योग में कृतयुग की उत्पत्ति हुई। सन्ध्या-सन्ध्यांश के सहित कृतयुग का मान १७२८००० सौर वर्ष है। इस युग में भगवान के मत्स्य, कूर्म, वराह एवं नरसिंह अवतार हुए। पाप-० तथा पुण्य- २० था। इस युग में हिरण्यकश्यप, प्रहलाद, बलि, बाणासुर, आदि धर्मिष्ठ एवं राजा थे। वैशाख शुक्ल तृतीया, सोमवार, रोहिणी नक्षत्र द्वितीय प्रहर एवं शोभन योग में त्रेता युग का आरम्भ हुआ। सन्ध्या एवं संध्यांश के सहित इसका मान १२९६००० सौरवर्ष है। इस युग में वामन, परशुराम एवं राम ये तीन अवतार हुए, पाप-५, तथा पुण्य- १५ था। इस युग में विश्वामित्र, भगीरथ, दिलीप, मकरध्वज, दशरथ, राम, लव, कुश इत्यादि राजा हुए। माघ कृष्ण अमावस्या, शुक्रवार, तृतीय प्रहर, धनिष्ठा नक्षत्र एवं वरीयान योग में द्वापर युगारम्भ हुआ। सन्ध्या-सन्ध्यांश के सहित इसका मान ८६४००० सौर वर्ष है। इस युग में पाप- १० तथा पुण्य भी १० था। भगवान कृष्ण एवं बुद्ध ये दो अवतार तथा अङ्गपाण्डु, युधिष्ठिर, परीक्षित आदि धर्मनिष्ठ राजा हुए। भाद्रपद कृष्ण त्रयोदशी, रविवार, रात्रि, कृत्तिका नक्षत्र एवं व्यतिपात योग में कलियुग का आरम्भ हुआ। सन्ध्या-सन्ध्यांश के सहित इसका मान ४३२००० सौर वर्ष है। इस युग में पाप-१५ तथा पुण्य- ५ रहेगा। इस युग में वर्णव्यवस्था नहीं रहेगी तथा भूमि बीजहीन हो जाएगी।

कलियुग का स्वरूप- पिशाच वदन, क्रूर, कलहप्रिय, कलियुग वाम हस्त से लिङ्ग एवं दायें से जिह्वा पकड़कर नृत्य करता है। **कलियुग में गङ्गा की स्थिति-** कलियुग के अन्त में पृथ्वी से गङ्गा लुप्त हो जायेगी तथा विष्णु भी पृथ्वी छोड़कर चले जायेंगे। **भगीरथ के प्रति गङ्गा का वचन-** जब तक गुरु, आकाश, देवता एवं तुलसी की पृथ्वी पर पूजा होगी, समुद्र में बड़वानल रहेगा तब तक मैं तुम्हारे चले हुए मार्गों में पृथ्वी पर रहूँगी। उपर कथित स्थितियाँ कलियुगान्त में उत्पन्न होंगी। समग्र कलियुग में नहीं।

कलियुग का महात्म्य- धर्म से विरत तप होगा सत्य भी चला जाएगा, पृथ्वी अल्प फलादि उत्पन्न करेगी, मनुष्य कपटी हृदय तथा मूर्ख होंगे। राजा प्रजा के रक्षक नहीं अपितु अर्थ लोलुप होंगे। पुत्र पिता से वैर करेगा तथा दुर्जन सज्जनों को कष्ट देंगे॥

चौरासीलाख योनियों की व्यवस्था- नव लाख जल में, २० लाख पृथ्वी पर निवास करने वाली, ११ लाख कीड़े, दस लाख पक्षियों, ३० लाख पशु तथा ४ लाख मानव योनिया हैं। कलियुग में मनुष्य तथा हाथियों की आयु १२० वर्ष ५ दिन, महल तालाब, कुओं, नगर, वृक्ष, काक, सिंहों की आयु १०००। घर तथा ग्रामों की ५०००। पिङ्गलों की १५०। कछुआ एवं मगरमच्छ की १५०, व्याघ्रों की ६४, सूकर की १०, गायों की २५, मृग की २४, घोड़ो की ३२, भालू बन्दर एवं मण्डूको की ३० गर्दभ तथा ऊँटों की २५, पक्षियों की २०, बिल्ली तथा कुङ्कुटों की १२, कुकुट की ८, मूषक को ४, चिटियों की १ वर्ष मक्खियों की ३१ दिन परमायु है।

कलियुग में छः शक तथा स्थापकों के सौरवर्षमान- कलियुगारम्भ के पूर्व इन्द्रप्रस्थ में युधिष्ठिर का ३०४४। उसके बाद उज्जयिनी में विक्रमादित्य का १३५। नर्मदा के दक्षिण में शालिवाहन का १८००० भविष्य में विजयाभिनन्दन का १००००। नागार्जुन का ४०००००, उसके बाद ८२१ वर्ष कलियुग के शेष रहने पर सम्भल क्षेत्र के गौड़ ब्राह्मण के घर में कल्कि अवतार होगा, पृथ्वी पर क्षार सिन्धु के उत्तर में जम्बूद्वीप, दक्षिण में शाक, शाल्मल, कुश, क्रौंच, गोमेद, पुष्कर द्वीप स्थित है। इस जम्बूद्वीप में पृथ्वी भारतवर्ष, हरिवर्ष, भद्राश्व, केतुमाल, रम्यक, हिरण्मयवर्ष, कुरुवर्ष किंपुरुष इलावृत वर्ष से आवृत है। समग्र पृथ्वी लवण, क्षीर, दधि, घृत, इक्षुरस, मद्य, एवं स्वादुजल रूप सप्त समुद्रों से घिरी हुई है। इस भूमि के अन्तः पट में अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, एवं पाताल ये सात विभाग हैं। सम्प्रति ब्रह्मा की आधी आयु समाप्त हो गयी है, उत्तरार्द्ध में प्रथमवर्ष प्रथम दिन एवं सूर्योदय से १३ घटी २२ पल व्यतीत हो चुके हैं। इसी क्रम में वर्तमान सहस्त्रवर्षात्मक कल्प के स्वयंभू, स्वारोचित, उत्तम, तामस, रैवत एवं चाक्षुष ये छः मनु तथा वर्तमान वैवस्वत मनु के २७ महायुग तथा अठाइसवें महायुग के कृत- त्रेता तथा द्वापर नामक तीन पाद व्यतीत होकर वर्तमान कलियुग चल रहा है।

कल्पारम्भ से १९५५८८५१२६ वर्ष कलियुगादि से ५१२६ महाराजाधिराज विक्रमादित्य के शासनारूढ़काल से २०८२ तथा शकारम्भ से १९४७ वर्ष व्यतीत हो गये। इस वर्ष के आरम्भ से 'कालयुक्त' नामक संवत्सर रहेगा। **वैशाखकृष्ण २ मंगलवार** को ३१।१८ इष्ट पर (सायं ६।१३ बजे,१५ अप्रैल सन् २०२५ ई.) **'सिद्धार्थ'** नामक संवत्सर प्रारम्भ होगा। किन्तु संकल्पादि में वर्षपर्यन्त 'कालयुक्त' संवत्सर का ही विनियोग करना चाहिए।

'कालयुक्त' संवत्सर का फल- प्रजानां जायते रोगः कालयुक्ते विशेषतः। राजयुद्धं भवेद्घोरं प्रजानाशो वरानने॥ कालयुक्त संवत्सर में जनता को रोग, राजाओं में भयंकर युद्ध तथा प्रजा का नाश होता है। इसके बाद **'सिद्धार्थ'** नामक संवत्सर का फल- तोयपूर्णो भवेन्मेघो बहुसस्या वसुन्धरा। सुखिनः पार्थिवाः सर्वे सिद्धार्थे मृगसुन्दरी॥ सिद्धार्थ संवत्सर में मेघ जल से पूर्ण, पृथ्वी सस्ययुक्त होती है। अन्न का उत्पादन अधिक तथा राजा लोग सुखी रहते हैं। **राजासूर्यफल-** सूर्ये नृपे स्वल्पजलाढ्य मेघाः स्वल्पं धान्यमल्पफलाढ्यवृक्षाः। स्वल्पं पयो गोषु जनेषु पीडा चौराग्निबाधा निधनं नृपाणाम्॥ यदि राजा सूर्य हों तो अल्पवर्षा, अन्न तथा फल का उत्पादन कम, गायें अल्प दूध देने वाली, जनता को पीड़ा, चोर तथा अग्नि से भय तथा राजाओं का मरण होता है। **मन्त्रीसूर्यफल-** नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात्प्रचुरधान्यधनार्घमहीतले। रसचयं हि समर्घतमं तदा रविरमात्यपदे हि समागते॥ यदि मन्त्री सूर्य हों तो जनता को राजा, रोग तथा चोरों से भय, पृथ्वी पर प्रचुर अन्न का उत्पादन, रसपदार्थ सस्ते होते हैं। **सस्येशबुधफल-** जलधारा जलराशिमुचो भृशं सुखसमृद्धियुतं निरुपद्रवम्। द्विजगणः स्तुतिपाठकरः सदा प्रथमसस्यपतौ सति बोधने॥ यदि सस्येश बुध हों तो मेघ अधिक वर्षा करने वाला, जनता सुख-समृद्धि से युक्त, उपद्रव रहित, द्विजलोग शान्तिपूर्वक पूजा-पाठ करने में तत्पर रहते हैं। **दुर्गेशसूर्यफल-** नयविशेषकरस्तरणिस्तदा गतभया नराजपुरोगमाः। समधिकेन तदा नृपतोभ्यतः पथिषु संजनतां न भयं क्वचित्॥ यदि सूर्य दुर्गेश हों तो शासक लोग अधिक नीति सम्पन्न व्यवहार करने वाले, राजा-प्रजा निर्भय, शासन की सुव्यवस्था से पथिकों को कोई भय उत्पन्न नहीं होता है। **धनेशबुधफल-** द्रविणपो हिमरश्मिसुतो यदा विविधवस्तुसहर्घनृपतौ तदा। द्विजवरा जपयज्ञसुसंयुताः कृषिविशेष विशेषितमानसाः॥ यदि धनेश बुध हों तो लोग विविध वस्तु संग्रह करें, विप्रवर्ग जप-यज्ञ में तल्लीन हों लोग कृषि पर विशेष ध्यान देते हैं। **रसेशशुक्रफल-** भृगुसुते रसनायकतां गते जनपदा जलतोषितमानसाः। सुखसुभिक्षप्रमोदवती धरा धरणिपा नरपालनतत्पराः॥ यदि रसेश शुक्र हों तो अच्छी वर्षा से जनता प्रसन्न, सुख-समृद्धि सम्पन्न तथा शासक लोग जनता के पालन में तत्पर रहते हैं। **धान्येशमंगलफल-** गोधूमसर्षपा मुद्गतिलमाषप्रवालकाः। महर्घं जायते घोरं भौमे धान्याधिपे सति॥ यदि मंगल धान्येश हों तो गेहूँ, सरसों, मूँग, तिल, उड़द तथा मूँग के भाव में महँगी होती है। **नीरसेशबुधफल-** चित्रवस्त्रादिकं चैव शंखचन्दन-पूर्वकम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि॥ यदि नीरसेश बुध हों तो चित्रवस्त्र, शंख तथा चन्दन का मूल्य महँगा होता है। **फलेशशनिफल-** यदि शनिः फलपः कलहो भवेज्जनितपुष्पणतसस्तरवस्सदा। द्विजवरा नरतस्करजं तदा जनपदा जनराशिसमाकुला॥ यदि शनि फलेश हों तो फल-पुष्प तथा वृक्षों के लिए आपसी विवाद, मनुष्यों तथा चोरों से द्विजाति को कष्ट, जनपदों में जनसमूह व्याकुल रहेगा। **मेघेशसूर्यफल-** रवौ मेघाधिपे जाते स्वल्पतोयप्रदा घनाः। स्वल्पं धान्यं भवेल्लोके भयं च भूतले सदा॥ यदि सूर्य मेघेश हों तो मेघ द्वारा अल्प वर्षा, स्वल्प अन्न का उत्पादन तथा संसार में भय व्याप्त रहता है। **नवमेघों के मध्य नील नामक मेघ का फल-** नीलः क्षिप्रं तु वर्षति॥ नील नामक मेघ में शीघ्र वर्षा होती है। **द्वादश मेघों के मध्य वासुकी नामक मेघ का फल-** वासुकी सस्यकर्ता च बहुवृष्टिकरः शुभः॥ वासुकी मेघ कृषि को देने वाला तथा अधिक वृष्टि कारक होता है। **रोहिणी निवास समुद्र में का फल-** समुद्रे तु महावृष्टिः॥ यदि रोहिणी निवास समुद्र में हो तो अधिक वर्षा होती है। **संवत्सरनिवास मालाकार के घर का फल-** सर्वसस्तुसमर्घ स्यान्मालाकारगृहेऽब्दपे। संवत्सर का निवास यदि मालाकार के घर हो तो सभी वस्तुएँ सस्ती होती हैं। **समयवाहन गज का फल-** गजवाहते वत्सरस्य सुभिक्षं च प्रजासुखम्। वर्षाकाले सुवृष्टिश्च सुखिनः सर्वजन्तवः॥ यदि समय का वाहन हाथी हो तो सुभिक्ष तथा जनता को सुख, वर्षा ऋतु में अच्छी वर्षा तथा सभी जीव सुखी रहते हैं। **वर्षा का आढ़क प्रमाण-** १००॥ जिसमें पर्वत पर ५०, समुद्र में २५, भूमि पर २५। **आर्द्रा में सूर्य का प्रवेश,** आषाढ़कृष्ण १२ रविवार (२२.६.२०२५) २२।२८ इष्ट (दि.२।१२) पर भरणीनक्षत्र, सुकर्मयोग, तैतिलकरण में हो रहा है। **तिथिद्वादशीफल-** द्वादश्यां शुभदः प्रोक्तः॥ द्वादशी में आर्द्रा का प्रवेश हो तो शुभदायक होता है। **रविवारफल-** रौद्रेऽर्के भानुवारे स्यादवृष्टिः पशुनाशनम्॥ यदि रविवार को सूर्य का आर्द्रा में प्रवेश हो तो पशुओं का नाश होता है। **भरणीनक्षत्रफल-** भरण्यां शुभ प्रोक्तम्॥ भरणी में आर्द्रा का प्रवेश हो तो अशुभ होता है। **सुकर्मायोगफल-** सुकर्मनामयोगके वदीशभं रविर्व्रजेत्। तदा समस्त भूसुराः सुकर्मकर्तुमुद्यताः॥ सुकर्मा में आर्द्रा का प्रवेश हो तो सम्पूर्ण ब्राह्मण लोक अच्छे कामों के करने में उद्यत होते हैं। **वेलाफल-** मध्याह्नकाले कृषिनाशनाय धान्यं महर्घं च तृणस्य नाशः॥ दुपहरी में आर्द्रा का प्रवेश होने से खेती का नाश, धान्य महँगा तथा घास का नाश होता है।

।। संवत्सर शकाङ्काभ्यां सुभिक्षादि विचार।।

प्रभवादि से द्विगुणमित्यादि के अनुसार शेष (३) फल समता। त्रिघ्न संवत्सर इत्यादि सौमनस्य तुरंग के अनुसार शेष (०) फल दुर्भिक्ष। द्विघ्नसंवत्सर इत्यादि के अनुसार शेष (३) फल मध्यम। शक से शेष (१) फल मध्यम। सभी संक्रान्ति एवं मुहूर्तों का योग (३३०) तथा चन्द्रदर्शन (३६०)। अतः इस वर्ष समताकारक रहेगा। अष्टोत्तरीआययोग(९९) व्यययोग (९३)। अतः विन्ध्य से दक्षिण में रहने वाले लोग अर्थ एवं सुखी रहेंगे। विंशोत्तरी आययोग (१२३) व्यययोग (७५)। अतः विन्ध्योत्तरजन अर्थ एवं सुखी रहेंगे। इस वर्ष सोमवती (०) भौमवती अमावस्या (३) शुभवारयुक्त अमावस्या (५) वर्षविंशा (१२)। इस वर्ष समताकारक योग है। वर्षारम्भ में पाँच सेर के बराबर तथा इसके बाद सामान्य ह्रास-वृद्धि होगी।

।। अथ विंशोपक ।।

वर्षा	११	आलस्य	१३	पापप्रवृत्ति	७	चौरशम	१७	अतिवृष्टि	१५
धान्य	११	उद्यम	११	पुण्यत्व	७	अग्निभय	११	अनावृष्टि	३
तृण	५	शान्ति	१३	व्याधि	५	अग्निनाश	१३	स्वचक्र	५
शीत	१३	क्रोध	११	भैषज्य	५	विषभय	७	परचक्र	११
उष्ण	१७	दम्भ	३	उग्रता	११	विषनाश	११	नायकत्व	१७
वायु	१३	भेद	१	आचार	११	सेवकत्व	९	रत्न	११
वृद्धि	१५	मैत्री	१३	अनाचार	१९	स्वामित्व	११	वस्त्र	९
विनाश	१५	रसनिष्पत्ति	७	मरण	९	निजधन	७	घृत	९
विग्रह	११	फलनिष्पत्ति	११	जन्म	१५	परधन	७	तैल	५
क्षुधा	९	उत्साह	९	देशोपद्रव	५	शलभा	९	दुकूल	५
तृष्णा	७	उग्रप्रवृत्ति	१५	देशस्वा.	१५	शूल	१३	ऊर्णवस्त्र	१७
निद्रा	१३	सौम्यप्रवृत्ति	१७	चौरभय	१३	मूषक	११	सौक्ष्मव.	१३

वर्षलग्न ४।२४।२४।११



नवरोजप्रवेशाङ्ग ४।२५।५८।१३



शारदधान्योत्पत्ति ०।१।५१।२०



ग्रैष्मिकधान्योत्पत्ति ४।२५।५८।१३



।। श्री संवत् २०८२ शक १९४७ वर्ष का ग्रहण विवरण ।।

श्री संवत् २०८२ में विश्व में चार ग्रहण लग रहे हैं। जिनमें दो चन्द्रग्रहण तथा दो सूर्यग्रहण होगा। किन्तु भारतवर्ष में दो चन्द्रग्रहण ही दिखाई देगा। इनका विवरण नीचे दिया जा रहा है।

१. चन्द्रग्रहण- भाद्रपदशुक्ल १५ रविवार (७ सितम्बर २०२५) को लगने वाला खग्रासचन्द्रग्रहण भारत में दृश्य होगा। यह ग्रहण अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशान्त महासागर, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, हिन्द महासागर, यूरोप, पूर्वी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा।

चन्द्रास्त के समय ग्रहण का प्रारम्भ रूस के कुछ भाग और प्रशान्त महासागर में दिखाई देगा। चन्द्रोदय के समय ग्रहण का अन्त आइसलैंड के कुछ भाग, अफ्रीका के पश्चिमी भाग और अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा।

यह खग्रास चन्द्रग्रहण भारत के सभी हिस्सों में दिखाई देगा। यह ग्रहण सम्पूर्ण भारत में शुरु से अन्त तक देखा जा सकेगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का प्रारम्भ रात्रि में ९ बजकर ५७ मिनट पर, मध्य रात्रि ११ बजकर ४१ मिनट पर तथा मोक्ष रात्रि में १ बजकर २७ मिनट पर होगा। ग्रहण का स्पर्श, मध्य, मोक्ष पूरे भारत में दिखाई देगा। ग्रासमान १.३६८

२. सूर्यग्रहण- आश्विनकृष्ण ३० रविवार (२१ सितम्बर २०२५) को लगने वाला खण्ड सूर्यग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। यह ग्रहण न्यूजीलैंड, पूर्वी मेलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया तथा पश्चिमी अन्टार्कटिका वाले क्षेत्र में दिखाई देगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का प्रारम्भ रात्रि में ११ बजे तथा मोक्ष रात्रि में ३ बजकर २४ मिनट पर होगा। ग्रासमान- ०.८५५

३. सूर्यग्रहण- फाल्गुनकृष्ण ३० मंगलवार (१७ फरवरी २०२६) को लगने वाला कंकणाकृति सूर्यग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। यह ग्रहण दक्षिण अर्जेन्टिना, चिली, दक्षिण अफ्रीका और अन्टार्कटिका में दिखाई देगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का प्रारम्भ दिन में ३ बजकर २७ मिनट पर तथा मोक्ष रात्रि में ७ बजकर ५८ मिनट पर होगा। ग्रासमान- ०.९६२

४. चन्द्रग्रहण- फाल्गुनशुक्ल १५ मंगलवार (३ मार्च २०२६) को लगने वाला खग्रासचन्द्रग्रहण भारत में ग्रस्तोदित खण्डचन्द्रग्रहण के रुप में दृश्य होगा। यह ग्रहण पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशान्त महासागर और अमेरिका में दिखाई देगा।

चन्द्रास्त के समय ग्रहण का प्रारम्भ अर्जेन्टिना, पराग्वे के कुछ भाग, बोलीविया, ब्राजील, ग्रीनलैंड और उत्तरी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा।

चन्द्रोदय के समय ग्रहण का अन्त रूस, कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, मालदीव और हिन्द महासागर में दिखाई देगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का प्रारम्भ दिन में ३ बजकर २० मिनट पर, मध्य सायं ५ बजकर ४ मिनट पर तथा मोक्ष सायं ६ बजकर ४७ मिनट पर होगा।

चन्द्रोदय के समय भारत के सभी स्थानों में इस ग्रहण का मोक्ष दिखाई देगा। इस ग्रहण का प्रारंम्भ भारत के किसी स्थान में दिखाई नहीं देगा, क्योंकि चन्द्रोदय होने से पूर्व ग्रहण प्रारम्भ हो जाएगा। खग्रास चन्द्रग्रहण का मोक्ष भारत के सुदूर पूर्वी भागों में दिखाई देगा। देश के बाकी हिस्सों में खण्डचन्द्रग्रहण का मोक्ष ही दिखाई देगा। ग्रासमान- १.१५५

(☞ भारत के प्रमुख स्थानों पर चन्द्रोदय का विवरण अन्तिम कॉलम में दिया गया है।)

।। श्री संवत् २०८२ शक १९४७ ।।

भाद्रपदशुक्ल १५ रविवार (दिनांक ७ सितम्बर २०२५ ई०)
काशी में खग्रास चन्द्रग्रहण

काशी में		घं. मि. (I.S.T)
स्पर्श	रात्रि	९।५७
मध्य	रात्रि	११।४१
मोक्ष	रात्रि	१।२७



'शतभिष' नक्षत्र तथा 'कुम्भ' राशि पर

ग्रहणफल	
मेष	लाभ
वृष	सुख
मिथुन	माननाश
कर्क	मृत्युतुल्य कष्ट
सिंह	स्त्रीपीड़ा
कन्या	सौख्य
तुला	चिन्ता
वृश्चिक	व्यथा
धनु	श्री
मकर	क्षति
कुम्भ	घात
मीन	हानि

अनिष्ट ग्रहण फल निवारणार्थ दान

स्वर्ण निर्मित सर्प कांसे के वर्तन में तिल वस्त्र, एवं दक्षिणा के साथ श्रोत्रिय ब्राह्मण को दान करना चाहिए अथवा अपनी शक्ति अनुसार सोने या चाँदी का ग्रह बिम्ब बनाकर ग्रहण जनित दुष्ट फल निवारण हेतु दान करना चाहिए। मन्त्र- तमोमयमहाभीम सोम सूर्य विमर्दन हेमनाग प्रदानेन मम शान्तिप्रदो भव। विधुन्तुद नमस्तुभ्यं सिंहिकानन्दनाच्युत दानेनानेन नागस्य रक्षमां वेधनाद्भयात॥ विशेषतः ग्रहण जनित दुष्ट फल निवारण के लिए गौ, भूमि तथा स्वर्ण का दान दैवज्ञ के लिए करना चाहिए। जिस राशि के लिए अरिष्ट हो उनहें ग्रहण नहीं देखना चाहिए। सूर्य ग्रहण में गंगा, पुण्यप्रयाग, पुष्कर अथवा कुरुक्षेत्र में स्नान करना महापुण्यदायी होता है। ग्रहण के समय भोजन में विशेष- रविवार के दिन सूर्यसंक्रान्ति एवं चन्द्र-सूर्य ग्रहण में रविवार के दिन पारण एवं उपवास पुत्रवान गृहस्थ को नहीं करना चाहिए।

ग्रहण सूतक- धर्मशास्त्रों के अनुसार चन्द्रग्रहण में ग्रहण से पूर्व ९ घंटे और सूर्यग्रहण में १२ घंटे पहले ग्रहण का सूतक होता है। इसमें बालक, वृद्ध और रोगी को छोड़कर अन्य लोगों के लिए भोजन निषिद्ध है।

"सूर्यग्रहे तु नाश्नीयात् पूर्वं यामचतुष्टयम्।
चन्द्रग्रहे तु यामास्त्रीन् बालवृद्धातुरैर्विना।।"

श्रद्धालु धार्मिक जनता को धर्म शास्त्रीय वचन के अनुसार भोजन निवृत्ति के साथ-साथ धार्मिक कृत्य श्राद्ध दान आदि भी करना चाहिए। ग्रहण में जपा गया मंत्र सिद्धिप्रद होता है। यह अनुभूत है।

।। श्री संवत् २०८२ शक १९४७ ।।

फाल्गुनशुक्ल १५ मंगलवार (दिनांक ३ मार्च २०२६ ई०)
काशी में ग्रस्तोदित खण्डग्रास चन्द्रग्रहण

काशी में		घं. मि. (I.S.T)
चन्द्रोदय	सायं	५।५९
मोक्ष	सायं	६।४७



'पू.फा' नक्षत्र तथा 'सिंह' राशि पर

ग्रहणफल	
मेष	चिन्ता
वृष	व्यथा
मिथुन	श्री
कर्क	क्षति
सिंह	घात
कन्या	हानि
तुला	लाभ
वृश्चिक	सुख
धनु	माननाश
मकर	मृत्युतुल्य कष्ट
कुम्भ	स्त्री पीड़ा
मीन	सौख्य

भारत के प्रमुख स्थानों पर ग्रस्तोदित खण्ड चन्द्रग्रहण (३ मार्च २०२६ ई०) के चन्द्रोदय का विवरण।

भारत के प्रमुख स्थान	चन्द्रोदय घं.मि.(I.S.T)	भारत के प्रमुख स्थान	चन्द्रोदय घं.मि.(I.S.T)
अगरतला*	सा.५।२७	कोलकाता	सा.५।३९
अहमदाबाद	सा.६।४४	लखनऊ	सा.६।७
इलाहाबाद	सा.६।५	मुम्बई	सा.६।४५
अमृतसर	सा.६।३०	मुजफ्फरपुर	सा.५।५०
बैंगलोर	सा.६।२८	नागपुर	सा.६।१८
भोपाल	सा.६।२४	नासिक	सा.६।४१
चण्डीगढ़	सा.६।१९	पटना	सा.५।५१
चेन्नई	सा.६।१७	पुणे	सा.६।४१
कटक	सा.५।५०	सिलचर*	सा.५।२०
देहरादून	सा.६।१७	पुरी	सा.५।५१
दिल्ली	सा.६।२२	रायपुर	सा.६।७
डिब्रूगढ़*	सा.५।९	राँची	सा.५।५१
गया	सा.५।५२	कोहिमा*	सा.५।१३
गुवाहाटी*	सा.५।२४	शिमला	सा.६।२१
हरिद्वार	सा.६।१७	उदयपुर	सा.६।३९
जालंधर	सा.६।२५	सिबसागर*	सा.५।११
भागलपुर	सा.५।४४	उज्जैन	सा.६।३१
भुवनेश्वर	सा.५।५१	वडोदरा	सा.६।४२
दार्जिलिंग	सा.५।३७	आइजॉल*	सा.५।२०
हजारीबाग	सा.५।५१	इटानगर*	सा.५।१५
हैदराबाद	सा.६।२२	जयपुर	सा.६।२९
जम्मू	सा.६।२९	पोर्टब्लेयर*	सा.५।२७
सिलीगुड़ी	सा.५।३७	शिलांग*	सा.५।२३
इम्फाल*	सा.५।१५	तमिलांग*	सा.५।१५

(•) चिह्नित स्थानों पर खग्रास चन्द्रग्रहण का मोक्ष भी दृश्य होगा।

☞ ग्रहण गणित तथा उदयास्त खगोल विज्ञान केन्द्र कोलकाता के सौजन्य से प्राप्त।

आवश्यकसूचना

मुखपृष्ठ पर 3D होलोग्राम (स्टीकर) देखकर ही पञ्चाङ्ग खरीदें जिस पर पं.शिवमूर्तिउपाध्याय का नाम अंकित है। पं.शिवमूर्ति उपाध्याय द्वारा सम्पादित हृषीकेश पञ्चाङ्ग की लोकप्रियता को देखते हुए कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा इसकी नकल करके जनमानस को धोखा देने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। अतः आदरणीय पाठक व विद्वतजनों से अनुरोध है कि पञ्चाङ्ग क्रय करनें से पूर्व मुख पृष्ठ पर 3D होलोग्राम (स्टीकर) पर अंकित पं० शिवमूर्ति उपाध्याय का नाम व व्यापारिक चिन्ह 'ॐ' देखकर ही पञ्चाङ्ग खरीदें और धोखाधड़ी से बचें।

श्रीकाशी विश्वनाथ पञ्चाङ्ग ॐ
हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग
प्रधान सम्पादक- पं०शिवमूर्ति उपाध्याय

संवत्सरफल

इस वर्ष के प्रारम्भ में '**कालयुक्त**' नामक संवत्सर रहेगा। वैशाखकृष्ण २ मंगलवार (१५अप्रैल २०२५) को ३१।१८ इष्ट (सा.६।१३) पर '**सिद्धार्थ**' नामक संवत्सर का प्रवेश होगा,किन्तु वर्षपर्यन्त संकल्पादि में '**कालयुक्त**' संवत्सर का ही विनियोग करना चाहिए। इस वर्ष राजा '**सूर्य**' तथा मन्त्री भी सूर्य ही हैं। अतः राज सत्ता के पदाधिकारियों में परस्पर संबंध अनुकूल रहेगा। **जगल्लग्न के** अनुसार लग्न में नीचस्थ बुध के साथ राहु के संयोग से पूर्वोत्तर भागो में प्राकृतिक विपत्तियां पैदा होकर जन समुदाय में वृद्धि कारक है। रुस,जापान,चीन,फिलीपींस द्वीपसमूह,पूर्वीभारत एवं ऑस्ट्रेलिया आदि राष्ट्रों में तूफान,भूकम्प,पर्वत शृंखलाओं के विघटन से जनधन की हानि होगी। विश्व व्यापार में परिवर्तन बनकर सुधार होगा। भारत का पश्चिमी देशों से व्यापार बढ़ेगा।आयात-निर्यात का केन्द्र बनकर भारत की ख्याति विश्व में बढ़ेगी। महँगाई की समस्यायें उभरी रहेंगी। धनेश मंगल नीच राशि में है तथा इस पर राहु की दृष्टि है अतः कुछ राष्ट्रों की आन्तरिक स्थिति खराब होगी जिसके फलस्वरुप जनधन की भारी हानि हो सकती है। तृतीयेश शुक्र व्यय भाव में शनि के साथ हैं। अतः भारत को अपने पड़ोसी देशों से सावधान रहना पड़ेगा। भारतीय सीमाओं पर पड़ोसी देशों के अतिक्रमण की घटनायें घटित हो सकती हैं। **वर्षलग्न** के विचार से लग्नेश अष्टमभाव में राहु के साथ है इसलिए विश्व में श्रमिक तथा कृषक वर्ग के आन्दोलन की सम्भावना रहेगी। विश्व में रक्तपात जनित नरसंहार का परिणाम बढ़ेगा। नववर्ष प्रवेश सिंह लग्न में हो रहा है अष्टमस्थ सूर्य, चन्द्र, बुध, राहु एवं सप्तमस्थ शुक्र शनि के योग से उग्रवाद व आतंकवादी ताकतें विश्व के हर भूभाग पर फैलेंगी। वाहन तथा यान दुर्घटना विश्व में बढ़ेगी। पश्चिमी देशों तथा भारत के पड़ोसी देशों में युद्ध के बादल मडरायेंगे। सप्तमेश सप्तमभाव में है इसके प्रभाव से विश्व में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें बढ़ेंगी। **आर्द्रा प्रवेश** के अनुसार इसका लग्न तुला है सूर्य के पीछे शुक्र है ग्रह स्थिति के अनुसार भारत के पश्चिमी एवं पूर्वी भागों के अधिकांश क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। भीषण गर्मी तथा गर्म हवायें चलेंगी। जलीय ग्रह शुक्र मेषराशि में होने से मानसून प्रभावित रहेगा। वर्षाकाल में दिल्ली सहित उसके पड़ोसी राज्यों में व्यापक वर्षा के संकेत हैं। कहीं बाढ़,भूस्खलन आदि प्रकोप से कृषि जनधन की हानि होने के योग हैं। **शारदीयधान्य** के विचार से सूर्य के पीछे बुध शुक्र होने से सूर्य पर शनि की दृष्टि होने से शारदीयसस्य की उत्पत्ति कम होगी। कुछ भागों में प्राकृतिक प्रकोपों तथा रोगों से कृषि की कुछ हानि होगी। किन्तु धान्य की कुल निष्पत्ति पर्याप्त मात्रा में होगी। **ग्रैष्मिकधान्य** के विचार से इसका लग्न सिंह है। सूर्य के साथ मंगल बुध गुरु उच्चराशि में होने से ग्रीष्मकालिक अनाज की उत्पत्ति पर्याप्त होगी। वृश्चिकराशि के सूर्य से द्वादश शुक्र एवं सूर्य मंगल केन्द्र में होने से अत्यधिक धान्योत्पत्ति होगी। चना, मसूर, गेहूँ की फसल उत्तम होगी। कुछ क्षेत्रों में पाला से नुकसान हो सकता है।

मेषादि १२ राशियों का वार्षिक फल

मेष-मेषराशि वालों के लिए यह वर्ष संघर्षपूर्ण रहेगा। **शनि की साढ़ेसाती** के कारण स्वास्थ्य सम्बधित परेशानी बनी रहेगी। मानसिक तनाव रहेगा। घरेलु समस्याओं को लेकर परेशानियाँ बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। वाहन चलाने में सावधानी बरतनी चाहिए। व्यापार क्षेत्र में अत्यधिक परिश्रम से सुधार आयेगा। शत्रुओं से सावधान रहना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मतभेद की स्थिति बनी रहेगी। सरकारी कर्मचारियों को व्यस्तता रहेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। सन्तान से मनमुटाव रहेगा। निरर्थक दौड़-धूप रहेगी। सगे सम्बन्धियों से सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग को मेहनत से सफलता मिलेगी।धीमी गति से भाग्य का उदय होगा। हनुमान चालीसा सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। २,३,९ मास कष्टदायक रहेंगे।

वृष-वृषराशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्य शुभदायक रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष परेशानी हो सकती है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति विशेष सचेत रहना चाहिए। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जमा पूँजी के धन में वृद्धि होगी। वाहन खरीदने की योजना बनेगी। सम्पत्ति के सम्बन्ध में पारिवारिक विवाद सम्भव है। व्यापार से सामान्य लाभ होगा। कार्य क्षेत्र में प्रगति होगी। दाम्पत्य जीवन में कटुता आयेगी। सन्तान सम्बन्धी चिन्ता रहेगी। वर्ष के उत्तरार्ध में सन्तान के लिए अच्छी खबर आयेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। घर में माँगलिक कृत्य होंगे। २,४,७ मास कष्टदायक रहेंगे।

मिथुन-मिथुनराशि वालों के लिये यह वर्ष उन्नतिकारक होगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धन का आवागमन बना रहेगा। अनावश्यक खर्च अधिक होंगे। भूमि-मकान-वाहन इत्यादि के क्रय-विक्रय का योग बनेगा। सन्तान से सुख मिलेगा। सन्तान की उन्नति होगी। शत्रु वर्ग से सावधानी रखनी चाहिए। दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। व्यवसाय में लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति का योग है। विद्यार्थी वर्ग को मेहनत से अच्छी सफलता मिलेगी। किसी नये कार्य का श्रीगणेश होगा। माता-पिता का स्वास्थ्य सामान्य रहेगी। १,५.९ मास कष्टदायक रहेंगे।

कर्क-कर्कराशि वालों के लिए यह वर्ष शुभदायक रहेगा। वर्ष में कई उन्नतिकारक योग बनेंगे। स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। आर्थिक क्षेत्र में प्रयासों से सफलता मिलेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवींन सम्पत्ति खरीदने का योग सफल होगा। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी वालों की पदोन्नति का योग है। सन्तान से सुख प्राप्त होगा। माता के लिए यह वर्ष कष्टदायक रहेगा। किसी नये कार्य का श्रीगणेश होगा।परिवार में माँगलिक कृत्य होंगे। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। माता-पिता को तीर्थ यात्रा का अवसर प्राप्त होगा। २,८,१०मास कष्टदायक रहेंगे।

सिंह-सिंहराशि वालों के लिये यह वर्ष कष्टदायक रहेगा। मई २०२५ से **शनि की ढैया** प्रारम्भ होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी कई परेशानियाँ रहेंगी। सम्पत्ति सम्बधित विवाद हो सकता है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से हानि हो सकती है। वाहन चलानें में सावधानी बरतनी चाहिए। मित्रों का सहयोग बना रहेगा। मानसिक कष्ट से निरर्थक दौड़-धूप हो सकती है। आयात-निर्यात के क्षेत्र में संलग्न व्यक्तियों को नुकसान हो सकता है। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों को संघर्ष करना पड़ेगा। कोर्ट-कचहरी के क्षेत्र में कार्य विस्तार हो सकता है। सन्तान से सुख प्राप्त होगा। आय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को मेहनत से अधिक सफलता मिलेगी। शेयर बाजार में नुकसान सम्भव है। हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। २,४,८ मास कष्टदायक रहेंगे।

कन्या- कन्याराशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्य शुभदायक रहेगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्यों में संघर्ष बढ़ सकता है। उदर-अस्थि रोगों से सावधान रहना चाहिए। आर्थिक मामलों में अच्छी सफलता मिलेगी। धन-बचत पर ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है। सम्पत्ति खरीदनें का योग बनेगा। व्यवसाय में परिश्रम करनें से भी सफलता नहीं मिलेगी। सहयोगी तथा मित्रों से मनमुटाव होगा। माता-पिता का स्वास्थ्य सुखमय रहेगा। सन्तान की उन्नति होगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक व्यक्तियों के लिए यह वर्ष अच्छा नहीं रहेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। १,९,१२ मास कष्टदायक रहेंगे।

तुला-तुलाराशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित फल देने वाला रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानी हो सकती है। व्यापार में मंदी का रुख रहेगा। सरकारी कर्मचारियों को व्यस्तता बढ़ेगी। इष्ट मित्रों के सहयोग से कार्यक्षेत्र की परेशानियाँ कम होंगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। वाहन-मकान इत्यादि सम्पत्ति को क्रय करने की योजना बनेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। सन्तान सम्बन्धी चिन्ता बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद उत्पन्न होगा।आपसी विवाद को कम करना चाहिए। जल-अग्नि से सावधान रहना चाहिए। सर्राफा व्यापारियों को मंदी का सामना करना पड़ेगा। विद्यार्थीगण को सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा वालों का स्थानान्तरण सम्भव है। ४,६,९ मास कष्टदायक रहेंगे।

वृश्चिक-वृश्चिकराशि वालों के लिए यह वर्ष अधिकांश रुप से सकारात्मक रहेगा। रुके हुए कार्य बनने की सम्भावना है। शत्रु पक्ष से प्रतिस्पर्धा हो सकती है। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। सम्पत्ति की खरीद-बिक्री का समय अच्छा है। आर्थिक स्थिति में सुधार सम्भव है। व्यवसाय तथा कृषि के क्षेत्र में लाभ होगा। घर में माँगलिक कृत्य सम्भव है। नौकरी में पदोन्नति तथा व्यापार में सामान्य लाभ होगा। घरेलु समस्याओं का हल निकलेगा। सन्तान को पीड़ा होगी। किसी विशिष्ट व्यक्ति का निधन सम्भव है। माता-पिता का स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। विद्यार्थीयों को मेहनत करने से सफलता प्राप्त होगी। ८,१०,१२ मास कष्टदायक रहेंगे।

धनु-धनुराशि वालों के लिए के लिए मई से **शनि की ढैया** का प्रारम्भ होगा। वर्ष में शनि के आगे पीछे होने से अच्छा तथा खराब फल दोनो होगा। कार्य में व्यवधान उत्पन्न होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव रहेगा। सम्पत्ति क्रय-विक्रय के कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए। कोई निर्णय लेने से पहले जल्दबाजी करना नुकसानदायक हो सकता है। अनावश्यक खर्च बढ़ने की सम्भावना है। मानसिक तनाव रहेगा। व्यापार क्षेत्र में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। क्रोध पर नियन्त्रण रखना चाहिए। वाहन चलाने में सावधानी बरतनी चाहिए। किसी दूरगामी यात्रा का अवसर मिलेगा। सन्तान सुख की प्राप्ति होगी। माता-पिता का स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। दाम्पत्य जीवन में सामनजस्य की कमी रहेगी। हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। ५,७,११ मास कष्टदायक रहेंगे।

मकर- मकरराशि वालों के लिए यह वर्ष उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। **शनि की साढ़ेसाती** का प्रभाव आगे पीछे होते हुए जनवरी २०२६ तक रहेगा। स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। मानसिक तनाव से पीड़ा होगी। आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतनी चाहिए। धन की हानि सम्भव है। कार्य क्षेत्र में विघ्न बाधायें आयेंगी। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को सफलता मिलेगी। माता-पिता का स्वास्थ्य बाधायुक्त रहेगा। सन्तान सम्बन्धी परेशानी का हल निकलेगा। किसी दूरस्थ यात्रा की योजना बनेगी। वाहन चलाने में सावधानी बरतनी चाहिए। मुकदमे के कार्यों में परेशानी बढ़ेगी। हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। ३,४,८ मास कष्टदायक रहेंगे।

कुम्भ-कुम्भराशि वालों के लिए यह वर्ष **शनि की साढ़ेसाती** के प्रभाव वाला रहेगा। शनि की स्वयं राशि होने से ज्यादा प्रभावी नहीं होगा। यह वर्ष विशेष फलदायक ही रहेगा। अधिक संघर्ष एवं परिश्रम करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के सम्बन्ध में चिन्ता बढ़ सकती है। मानसिक तनाव से बचना चाहिए। व्यर्थ का विवाद हो सकता है। जमा पूँजी का सही जगह निवेश करना चाहिए। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को मंदी का सामना करना पड़ेगा। नौकरी में पदोन्नति का योग है। विद्यार्थीयों को सफलता मिलेगी। सन्तान को लाभ होगा। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। किसी नये कार्य का श्रीगणेश होगा। २,३,११ मास कष्टदायक रहेंगे।

मीन-मीनराशि वालों के लिए इस वर्ष **शनि की साढ़ेसाती** का प्रभाव उग्र रहेगा। कार्य बनते हुए बिगड़ जायेंगे। मानसिक तनाव बढ़ेगा। कोर्ट-कचहरी के कार्यों में देर हो सकती है। नये विरोधियों से विवाद हो सकता है। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी बढ़ेगी। अस्थि एवं उदर सम्बन्धित परेशानी हो सकती है। आर्थिक क्षेत्र में किये गये प्रयासो में कम सफलता मिलेगी। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए। क्रय-विक्रय या निर्माण का योग बनेगा। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को मेहनत करने पर सफलता मिलेगी। नौकरी पेशा वालों का स्थानान्तरण का योग बनेगा। दाम्पत्य जीवन में परस्पर तालमेल बना रहेगा। सन्तान पक्ष से निराशा प्राप्त होगी। विद्यार्थीयों को सफलता मिलेगी। हनुमान चालीसा तथा सुन्दरकाण्ड का पाठ करना चाहिए। १,७,११ मास कष्टदायक रहेंगे।

चैत्रादि मासफल

चैत्रशुक्ल से वैशाखकृष्ण तक-चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों का मूल्य सामान्य रहेगा। साग-तरकारी के मूल्यों में तेजी का रुख रहेगा। सर्राफा बाजार में भी तेजी कर रुख रहेगा। किसी बिमारी और शत्रु राष्ट्र से देश को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मंगल पर नीचस्थ राहु की पंचम दृष्टि है विश्व के कुछ राष्ट्रों से परेशानी का वातावरण किसी विशेष परिस्थिति में युद्ध का कारण बनेगा। तूफान व चक्रवात से भयंकर हानि सम्भव है। चीनी-गुड़ तथा सूती वस्त्रों में तेजी का रुख रहेगा। कहीं-कहीं आँधी के साथ-साथ सामान्य वर्षा भी होगी। यत्र-तत्र उपलवृष्टि के कारण कृषि की हानि होगी। कागज के व्यवसाय में उत्तरोत्तर तेजी आयेगी। शेयर बाजार में भी तेजी का रुख रहेगा। **चैत्रशुक्ल** ४,११,१५ तथा **वैशाखकृष्ण** ३,९,३० उपद्रवकारी रहेंगे।

वैशाखशुक्ल से ज्येष्ठकृष्ण तक-चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों का मूल्य सामान्य रहेगा। साग-तरकारी के मूल्यों में आकस्मिक तेजी आ सकती है। फल तथा मेवे के मूल्यों में घटवढ़ी बनी रहेगी। गोरस के मूल्य में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। यत्र-तत्र पेयजल की समस्यायें उपस्थित होंगी। मार्ग दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी होगी। शेयर बाजारों में अस्थिरता होकर गिरावट आयेगी। सर्राफा बाजार में मंदी का रुख रहेगा। सूर्य पर शनि की दृष्टि से पश्चिमी राष्ट्रों में अशान्ति आयेगी। **वैशाखशुक्ल** २,४,८,१० तथा **ज्येष्ठकृष्ण** २,३,९ तथा ३० उपद्रवकारी रहेंगे।

ज्येष्ठशुक्ल से आषाढ़कृष्ण तक-चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों का मूल्य सामान्य रहेगा। इस मास में पाँच बुधवार है। मंगल-राहु का समसप्तक योग से कुछ राष्ट्रों में उपद्रव का वातावरण बनेगा। वाहन दुर्घटना तथा भौमान्तरिक्ष उत्पातों की अधिकता बढ़ेगी। गृह उपकरण के सामान महँगे होंगे। देश की नई-नई नीतियों से आम जनता को लाभ मिलेगा। गेहूँ,चना, जौ, चावल आदि में तेजी का रुख रहेगा। फल-तरकारी में घटबढ़ी रहेगी। रेशमी वस्त्रों में भी तेजी आयेगी। वाहन दुर्घटना,आँधी-तूफान की अधिकता तथा गर्मी के कारण जन सामान्य को कष्ट होगा। **ज्येष्ठशुक्ल** ३,७,८,१५ तथा **आषाढ़कृष्ण** २,८,३० उपद्रवकारी रहेंगे।

आषाढ़शुक्ल से श्रावणकृष्ण तक-चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों के मूल्यों में सस्ती का रुख रहेगा। फलों और तरकारी के मूल्यों में महँगी बनी रहेगी। रस पदार्थ महँगे होंगे। यत्र-तत्र वर्षा होगी। विषैले जीवों की उत्पत्ति बढ़ेगी। अग्निकाण्ड की घटनायें घटित होंगी। गोरस का उत्पादन बढ़ेगा,किन्तु इसके मूल्य में तेजी बनी रहेगी। सर्राफा बाजार में सस्ती का रुख रहेगा। इस मास में पाँच गुरुवार होने से पश्चिमी राष्ट्रों में युद्धोन्माद एवं शासकों में तनाव बढ़ेगा। राष्ट्रिय सीमाओं का उल्लंघन हो सकता है। मंगल-शनि के षडाष्टकयोग से भीषण दुर्घना तथा जन-धन की हानि होगी। **आषाढ़शुक्ल** ३,५,१०,११,१५ तथा **श्रावणकृष्ण** ३,७,३० उपद्रवकारी रहेंगे।

श्रावणशुक्ल से भाद्रपदकृष्ण तक-चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों का मूल्य सामान्य रहेगा। इमारती सामानों के मूल्यों में तेजी आयेगी। उत्तरी प्रान्तों के पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। रेशमी वस्त्रों में तेजी का रुख रहेगा। कागज के मूल्यों में मंदी आयेगी। फल तथा तरकारी के मूल्यों में महँगी का रुख रहेगा। खाद्य तेलों में भी महँगी का रुख रहेगा। चावल-चीनी आदि के मूल्य सामान्य रहेंगे। शनिवारीय अमावस्या से उत्तरार्ध में सोना-चाँदी और लोहा के समानों में तेजी का रुख रहेगा। दक्षिण-पूर्वी प्रान्तों में हवा के साथ अतिवर्षा होगी। **श्रावणशुक्ल** ३,७,९,१५तथा **भाद्रपदकृष्ण** १,३,९ तथा ३० उपद्रवकारी रहेंगे।

भाद्रपदशुक्ल से आश्विनकृष्ण तक- चन्द्रदर्शन मुहूर्त के विचार से खाद्य पदार्थों का मूल्य सामान्य रहेगा। दलहन तथा तेलहन के भाव में तेजी का रुख रहेगा। फल तथा तरकारी के भाव में घटबढ़ी बनी रहेगी। खाद्य तेलों में महँगी का रुख रहेगा। वर्षा की अधिकता से यत्र-तत्र कृषि की हानि होगी।पूर्वोत्तर में बाढ़ की अधिकता से जनधन की हानि होगी। इमारती सामान महँगे होंगे। सीमेन्ट के मूल्य में थोड़ी सस्ती दीख पड़ेगी। शेयर के भाव ऊँचे होंगे। वर्षा जनित- *(शेष पृष्ठ ४० पर)*

आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि पञ्चाङ्ग संवत् २००१ से २०८० तक की पुराने पञ्चाङ्गो की प्रतियाँ दस-दस वर्ष की एक जिल्द में प्रकाशित हो चुकी हैं। कृपया संपर्क करें-

विक्रम पञ्चाङ्ग प्रकाशन-
बी. २/९५ सी. भदैनी, वाराणसी।
मो.: ०७३९०९९३३९७

नोट- *पाठकों को किसी एक वर्ष की प्रति अलग से दे पाना सम्भव नहीं है।*

श्रद्धेयविद्वज्जन,

पं शिवमूर्ति उपाध्याय द्वारा सम्पादित 'हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग' देश का सर्वमान्य पञ्चाङ्ग है। इसकी लोकप्रियता से हतोत्साहित होकर कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा इसकी नकल करके जनमानस को धोखा दिये जाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इनमें कुछ **भ्रष्ट व्यापारि** मात्र भी सम्मिलित हैं।

प्रिय पाठक बन्धु इस बात से भली-भाँति परिचित हैं कि 'पं हृषीकेशोपाध्याय द्वारा प्रवर्तित एवं पं श्याममूर्ति उपाध्याय द्वारा सम्पादित' हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग कई वर्षो से अपने पुराने स्थान विक्रम पञ्चाङ्ग प्रकाशन, बी. २/९५ सी. भदैनी, वाराणसी द्वारा प्रकाशित हो रहा है। जिसका सम्पादन पं शिवमूर्ति उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। असली **हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग** लेते समय श्रीकाशीविश्वनाथ का 'ॐ' चिह्न तथा प्रधान सम्पादक पं शिवमूर्ति उपाध्याय का नाम देखकर ही पञ्चाङ्ग खरीदें।

श्रीकाशी विश्वनाथ पञ्चाङ्ग ®
ॐ
हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग
प्रधान सम्पादक- पं० शिवमूर्ति उपाध्याय

कृपया असली **हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग** लेते समय मुख पृष्ठ पर श्री गणेश जी के चित्र के नीचे प्रधान सम्पादक पं शिवमूर्ति उपाध्याय का नाम देखकर ही असली पञ्चाङ्ग खरीदें और धोखाधड़ी से बचें।

श्रीकाशीविश्वनाथ पञ्चाङ्ग (हृषीकेश हिन्दी पञ्चाङ्ग) — प्रधानसम्पादक, पं शिवमूर्ति उपाध्याय

पञ्चाङ्गस्थ विषय से सम्बन्धित समस्या के समाधान हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। पत्र व्यवहार का पता **विक्रम पञ्चाङ्ग प्रकाशन** बी. २।९५ सी., भदैनी, वाराणसी (उ०प्र०)। मो०- ०७३९०९९३३९७

चैत्रादि मासों की मन्वादि तिथियाँ

चैत्र शुक्ल	ज्येष्ठ शुक्ल	आषाढ़ शुक्ल	भाद्र शुक्ल	आश्विन शुक्ल	कार्त्तिक शुक्ल	पौष शुक्ल	माघ शुक्ल	फाल्गुन शुक्ल	श्रावण कृष्ण
३।१५	१५	१०।१५	३	९	१२।१५	११	७	१५	८।३०

युगादि तिथियाँ

कार्त्तिकशुक्ल ९	वैशाखशुक्ल ३	माघकृष्ण ३०	भाद्र कृष्ण १३
सतयुगादि	त्रेतायुगादि	द्वापरयुगादि	कलियुगादि

☞ मन्वादि एवं युगादि तिथियों में विद्याध्ययन का निषेध है।

सामान्य सुभिक्षादि ज्ञान

प्रभवादि वर्तमान संवत्सर को द्विगुणित कर तीन घटा दें तथा सात का भाग दें, एकादि शेष रहने पर निम्न फल होता है- १ दुर्भिक्ष, २ सुभिक्ष, ३ सम, ४ दुर्भिक्ष, ५ सुभिक्ष, ६ सम, ० पीड़ा।

कल्पादि- चैत्रशुक्ल१, वैशाखशुक्ल ३, कार्तिकशुक्ल ७, मार्गशीर्षशुक्ल ९, माघशुक्ल १३, चैत्रकृष्ण ३।

भगवान के दस अवतारों का काल- मत्स्य- चैत्रशुक्ल ३ (अपराह्न में), **राम-** चैत्रशुक्ल ९ (मध्याह्न में), **परशुराम-** वैशाखशुक्ल ३ (प्रदोष में), **नृसिंह-** वैशाखशुक्ल १४ (सायं), **कूर्म-** वैशाखशुक्ल १५ (मध्याह्न में), **कल्कि-** श्रावणशुक्ल ६ (सायं), **कृष्ण-** भाद्रपद-कृष्ण ८ (निशीथ में), **वामन-** भाद्रपदशुक्ल १२ (मध्याह्न में), **बौद्ध-** आश्विनशुक्ल १० (सायं), **वाराह-** भाद्रपदशुक्ल ३ (अपराह्न में)।

वर्ष के शुभाशुभ का ज्ञान

प्रश्नकर्ता के नामाक्षर के साथ तिथि, वार, नक्षत्र एवं संवत्सर की संख्या जोड़कर तीन से भाग दें। एक शेष से क्लेश, दो से समता एवं तीन से सुख होता है।

,चरणी विचार

गृहस्वामी के हाथ से चरणी की ल., चौ. जो हो उसका योग कर आठ से भाग दें एकादि शेष से क्रमशः निम्न फल होता है- पशुहानि, पशुरोग, पशुलाभ, पशुक्षय, पशुनाश, पशुवृद्धि, पशुभेद तथा बहुपशु।

जन्मकुण्डली से प्रतिवर्ष प्रतिभाव विचार

जन्माङ्ग के लग्नादि द्वादशभावों को बारह वर्षों के रूप में जानना चाहिए। पुनः दुसरी आवृति में १३ से २४, तीसरी में २५ से ३६ आदि के क्रम से दस आवृति में मनुष्य की सम्पूर्ण आयु अर्थात् १२० वर्ष की कल्पना कर लेनी चाहिए।

फल- वर्ष संज्ञक भावों से त्रिकोण (१,५,९) में यदि शुभग्रह स्थित हों तो उस वर्ष में समस्त दैहिक सुखों की प्राप्ति होती है। लग्न की ही भाँति उस वर्ष के लग्न से धनादि द्वादशभाव भी कल्पित होते हैं। अतः धनादि जिस भाव से त्रिकोण में शुभग्रह स्थित होते है उस वर्ष, उस भाव जनित शुभफल की प्राप्ति होती है। यदि पापग्रह उन त्रिकोणों में बलवान होकर स्थित हों तो भाव के नाशक तथा निर्बल हों तो सुखकारक होते हैं। शुभग्रहों से शुभता तथा पापग्रहों से अशुभता प्राप्त होती है। पाप एवं शुभ दोनों प्रकार के ग्रहों की स्थिति से मिश्रफल प्राप्त होता है। परन्तु इसका विचार ग्रहों का बलाबल देखकर ही करना चाहिए।

जन्मलग्न का निश्चय एवं उसके द्वारा प्रसव कालिक कुछ पदार्थों का ज्ञान

माता के वस्त्र एवं भोजन का ज्ञान

लग्न के नवमांशेश के अनुसार माता के वस्त्र तथा चतुर्थेश से प्रसव पूर्व किये गये भोजन का विचार करना चाहिए।।१।। कठिनं, मधुरं, रूक्षं, लेह्यपेयादिकं मृदुः।। चोष्याम्ल्गुडं दुग्धं विचित्रं स्वल्पभोजनम्।। वटकाद्यं बहुरसं पेयादि मधुरं हितम्।। क्रोधादिना कदन्नं स्यात्सूर्यादिः श्लोकपादतः।।३।। इति।।

सूर्य लग्न के द्वादशांश द्वारा दीप ज्ञान

गर्ग- लग्न के प्रथम भाव में सूर्य हो तो पूर्व, २,३ में हो तो ईशानकोण, ४ भाव में हो तो उत्तर ५,६ में हो तो वायव्यकोण, ७ में हो तो पश्चिम, ८,९ में हो तो नैऋत्यकोण १० में हो तो दक्षिण तथा ११,१२ भाव में हो तो अग्निकोण में प्रसव के समय दीपक होता है। इसमें भी चर लग्न से चर दीपक, स्थिर लग्न से स्थिर तथा द्विस्वभावलग्न से घूमता हुआ दीपक प्रसवकाल में होता है। प्रसवकाल में चन्द्रमा प्रथम द्रेष्कांण में हो तो दीपक में पूर्ण तेल भरा हुआ, द्वितीय से आधा भरा तथा तृतीय द्रेष्कांण से तेलहीन दीपक जानना चाहिए।

सूर्य के राशि द्वारा दीपक के दिशा का ज्ञान

सूर्यराशि	१,२	३	४,५	६
दीपस्थान	पूर्व में	आग्नेय में	दक्षिण में	नैऋत्य कोण में
सूर्यराशि	७,८	९	१०,११	१२
दीपस्थान	पश्चिम में	वायव्य में	उत्तर में	पृथ्वी पर

जन्माङ्ग द्वारा घर में सूतिका कक्ष ज्ञान

प्रसवकाल में १,४,७,८,११ लग्न से पूर्व ९,१२,३,६ लग्न से उत्तर, २ लग्न से पश्चिम तथा ५,१० लग्न से दक्षिण दिशा में गृहमध्य सूतिका कक्ष जानना चाहिए।

प्रसवकाल में मातृकष्टज्ञान

चन्द्रयुक्त पापग्रह यदि जन्मकाल में लग्न से चतुर्थ या सप्तम में स्थित हो अथवा चन्द्रमा से चतुर्थ या सप्तम में पापग्रह स्थित हों तो प्रसवकाल में माता को कष्ट कहना चाहिए। प्रसव काल पापग्रहों के अधिकार में हों अथवा पापग्रहों से युत या दृष्ट ४ एवं ७ भाव हों तो (इसका ठीक-ठाक विचार कर) मातृ कष्ट कहना चाहिए।

सूर्य आदि ग्रहों के अधि एवं प्रत्यधि देवता

अ.दे.	ईश्वर	उमा	स्कन्द	विष्णु	ब्रह्मा	इन्द्र	यम	काल	चित्रगुप्त
ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
प्र.दे.	अग्नि	अप	पृथिवी	विष्णु	इन्द्र	इंद्राणि	प्रजापति	सर्प	ब्रह्मा

प्रसव प्रकार ज्ञान

शीर्षोदय राशिलग्न में हो तो शिर से, पृष्ठोदय हो तो पैर एवं उभयोदय हो तो हाथ से प्रसव होता है। लग्न पर शुभ दृष्टि होने से सुखपूर्वक एवं पापदृष्टि होने पर कष्ट से प्रसव होता है। प्रसवकाल में सर्वप्रथम स्कन्ध दर्शन पर शिर, जंघा दर्शन से पैर एवं मणिबन्ध दर्शन से हाथ द्वारा प्रसव होता है।

लग्नेश एवं नवमांशेश वक्री होकर लग्न में हो अथवा परस्पर विपरीत गृह में हो तो कष्ट पूर्वक गर्भ का मोक्ष जानना चाहिए।

अन्तरिक्ष में जन्म का ज्ञान

यहा अन्तरिक्ष का अर्थ उच्चभूमि से है। ९,१२,६ तथा विशेषतः ३, लग्न में जन्म हो तो अन्तरिक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्माङ्ग द्वारा बालक के रोदन का ज्ञान

१,३,५ एवं ९ लग्न में जन्म से बालक पूर्व सोचकर बहुत होता है। ११,६,७ लग्न में अल्प तथा २,४,८,१०,१२ में जन्म से बालक ज्ञान बल से रोता है। रोदन का विचार चन्द्रमा एवं लग्न दोनों में जो बलवान हो उसके द्वारा करना चाहिए।

जन्माङ्ग द्वारा बालक के मस्तक का ज्ञान

जन्म काल में १,५,९ लग्न हो तो पूर्व, २,६,१० लग्न हो तो दक्षिण ३,११,७ लग्न हो तो पश्चिम तथा ४,८,१२ लग्न हो तो जन्मकाल में जातक का शिर उत्तर दिशा में होता है।

जन्माङ्ग द्वारा सूतिका के वस्त्र एवं चूड़ी का वर्ण ज्ञान

मेषादि बारह राशियों के लग्न से प्रसूता क्रमशः लाल, स्वच्छ, हरित, पाटल, पाण्डु, विचित्र, कृष्ण, पिशंग, पिंगल, अनेक वर्ण युक्त, धूम्र, एवं मलिन वर्ण का वस्त्र धारण किये हुए होती है। जितने ग्रहों की जन्मकाल में चतुर्थ एवं दशम भाव पर दृष्टि होती है, उतनी संख्यक उन ग्रह वर्णों की चूड़ियां प्रसूता के हाथ में होती है।

आधान कालिक चन्द्रमा द्वारा प्रसवकाल ज्ञानार्थ चक्र।				
चन्द्रराशियाँ				दिन
१	४	७	१०	२७१
२	५	८	११	२९७
३	६	९	१२	२८९ या २७६ दिन

प्रश्नकाल या आधान काल के द्वारा प्रसव कालिकचन्द्रमा का ज्ञान

गर्ग। प्रश्नकाल या आधान काल में चन्द्र जिस द्वादशांश में स्थित होता हो समय पूर्ति पर उतनी ही संख्यक राशि में चन्द्रमा के जाने पर प्रसव होता है।।

प्रमाण (सारावली)

यस्मिन् द्वादशभागे गर्भाधाने व्यवस्थितश्चन्द्रः। तत्तुल्यर्क्षे प्रसवो गर्भस्य नियतमादिशेत्प्राज्ञः।२। समुद्रजातकेऽपि। यतमे द्वादशभागेसूतिकास्त-त्संख्यके विधाविति। अत्रलग्नचन्द्रयोर्मध्ये यो बलवान् तस्य द्वादशांशकवशेन चन्द्रराशिज्ञेयः इत्युक्तं लघुजातके लग्नेन्दोर्यो बलवान् तस्याद्वि-सांशकान्विते विधौ प्रसवः।। अथकालज्ञानम्। तत्काले दिवसनिशासंज्ञो समुदेति राशिभागोयः। यावानुदयस्तावान् वाच्योदिवसस्य रात्रेर्वा।।

जातक तत्वोक्त सूत्रबद्ध सूतिका तत्व का ज्ञान

जन्मलग्न चन्द्रमा से अदृष्ट हो तो पिता के परोक्ष में जन्म होता है। सूर्य स्थिर राशि का होकर ८,९,११,१२ में होता है तो स्वदेशगत पिता के परोक्ष में तथा यदि चरराशिस्थ हो तो विदेश गत पिता के परोक्ष में जन्म होता है। सूर्य चर राशि का हो तो भी विदेशगत पितृकाल में जन्म होता है। शनि लग्न अथवा मंगल सप्तम में हो तो भी पितृ परोक्ष में जन्म होता है। सूर्य से त्रिकोण में शनि एवं मंगल पापग्रहों की राशि में स्थित हों तो जन्मकाल में जातक का पिता बन्धन में होता है। मातृ एवं पितृ कारक ग्रहों में जो बली हो उसके घर में जन्म होता है। मंगल से दृष्ट सूर्य बलवान हो तो बहुत दीपों वाले घर में जन्म होता है। चन्द्रमा से तेल तथा लग्न से दीप की बत्ती का ज्ञान करें। चरराशिस्थ सूर्य से चर, स्थिर से स्थिर एवं द्विस्वभाव से भ्रमणशील दीपक कहना चाहिए। शीर्षोदय लग्न में शिर, पृष्ठोदय में पैर, एवं उभयोदय में हाथ से प्रसव होता है। जन्मकाल एवं चन्द्रमा से चतुर्थ एवं सप्तम में पापग्रह हो तो मातृकष्ट होता है। केन्द्रस्थ बलीग्रह की दिशा में प्रसूतीगृह का द्वार होता है। सूर्यादि ग्रहों के बलवान रहनें पर क्रमशः काष्ठनिर्मित, नवीन, दग्ध, चित्र युक्त, मजबूत, मनोहर एवं प्राचीन प्रसूती गृह जानना चाहिए। १,२ लग्न से भवन के पूर्व, ३ से अग्निकोण, ४,५ से दक्षिण, ६ से नैऋत्य, ७,८ से पश्चिम, ९ से वायव्यकोण, १०,११ से उत्तर तथा १२ लग्न से ईशान कोंण में प्रसूती प्रकोष्ठ होता है। इसी प्रकार शैय्या विचार भी होता है। लग्न की दिशा में शैय्या का शिर तथा ३,६,९,१२ में पाये होतें हैं। जहाँ पापग्रह स्थित हों वहाँ शैय्या टूटी हुई होती है। लग्न से चन्द्रमा की बीच जितनें ग्रह हों उतनी उपसूतिकाएं होती है। उपसूतिका संख्या ज्ञान में वक्री एवं उच्चस्थ ग्रहसंख्या को त्रिगुणित, स्वराशि एवं स्वनवमांशगत संख्या को द्विगुणित तथा नीच एवं अस्तगत ग्रह संख्या को आधा करके रखना चाहिए। २,१,३,५ लग्न हो तो बहुत रोते हुए जन्म हो। लग्न में चन्द्रमा सभी ग्रहों से अदृष्ट हो तो निर्जन स्थान में जन्म कहें। दशम एवं चतुर्थ में शुभ ग्रह हो तो सुखपूर्वक तथा त्रिकोण एवं सप्तम में पापग्रह हो तो कष्ट से प्रसव होता है। चतुर्थ या दशम में सूर्य, मंगल एवं शनि का योग हो तो जन्म से पूर्व ही पिता का मरण जानें।

अनिष्ट नक्षत्रों में रोगोत्पत्ति की शान्ति- जिस अनिष्ट नक्षत्र में रोग उत्पन्न हो उसके अधिपति देवता की स्वर्ण प्रतिमा बनाकर गन्धाक्षतपुष्प आदि से पूजन कर ब्राह्मणों को दान करने से उसकी शान्ति हो जाती है।

रोग से मुक्त होने पर स्नान मुहूर्त्त विचार- रे.पुन.कृ. उ३.स्वा.रो.श्ले. तथा मघा को छोड़कर अन्य नक्षत्रों, रिक्ता (४,९,१४) तिथियों, चरलग्नों तथा सू.मं.बु.बृ.श. वारों में चन्द्रमा के निर्बल तथा पापग्रहों के १।४।७।१०।५।९।११ में होने पर रोगी को रोग मुक्त होने पर स्नान करना चाहिए।

रोगोत्पत्ति में विशेष- आर्द्रा श्ले. ज्ये. श. भ. पू३. वि. श्र. तथा कृत्तिका नक्षत्रों सू. मं. तथा शनिवारों, ४।९।१२।६।१४ तिथियों के योग काल में रोग उत्पन्न होने पर मृत्यु हो जाती है तथा भ.ऽश्ले. मू. म. वि. कृ. एवं आर्द्रा नक्षत्रों में अगर सर्पदंश हो तो भी मृत्यु हो जाती है।

उत्पन्न रोग में शुभाशुभ विचार- स्वाती,श्ले, आर्द्रा पू३. ज्ये. नक्षत्रों, सू.मं.श. वारों एवं १।६।११। ४।९।१४ तिथियों के योग में रोगोत्पत्ति हो तो भगवान शंकर से रक्षित मनुष्य की भी मृत्यु हो जाती है।

कणमर्दन मुहूर्त्त विचार- अनु.श्र.मू.रे.पू.फा.ज्ये. रो. तथा मघा नक्षत्रों, शुभ तिथियों, शुभ वारों एवं शुभ लग्नों में कणमर्दन उत्तम होता है।

दुकान खोलने का मुहूर्त्त- अनु.उ३.पुष्य.रे.रो.मृ.ह. चि. अश्वि. नक्षत्रों एवं शुभ दिनों में व्यापार आरम्भ करना चाहिए।

धान्यसंग्रह मुहूर्त्त विचार- रो. उ३. स्वा. मू. रे. मृ. ह. अश्वि. ध. श्र. अनु. पुन. चि. पुष्य तथा शतभिषा नक्षत्रों, बृ. बु. चं. शु. वारों रिक्ता तथा अमावस्या से रहित तिथियों तथा स्थिर लग्नों में शुभ ग्रहों की स्थिति रहने पर धान्यसंग्रह शुभ होता है। वार प्रवृत्ति का विचार वारों के क्षण ज्ञानार्थ किया जाता है, परन्तु समस्त कार्यों में दिन का आरम्भ सूर्योदय काल से ही मान्य होता है।

धान्य स्थापन मुहूर्त्त विचार- मृ.पु.रे.अनु.श्र.ध.श. अश्वि.पुष्य.रो.उ३. नक्षत्रों, शुभतिथियों तथा सू.चं.बृ.शु. वारों में धान्य रखना तथा उ३.रो.ध.श. नक्षत्रों, शुभवारों, शुभ तिथियों एवं शुभलग्नों में धान्य निकालना शुभ होता है।

